# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025







* मुंबई। महाराष्ट्र में मादक पदार्थ के मामले में दो विदेशी नागरिकों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**इंद्रावती टाइगर रिजर्व में लगाया गया था फंदा, कैमरे में ट्रेस कर अफसरों ने किया रेस्क्यू**

# शिकारियों के फंदे में सात दिन फंसा रहा बाघ, भूख-प्यास से रहा व्याकुल, उसके दोनों पैरों में जख्म, रायपुर लाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के बीजापुर बफर रेंज में शिकारियों के बिछाए फंदे एक बाघ फंस गया। उसके दोनों पंजे फंदे में उलझ गए। कहा जा रहा है कि सात दिनों तक बाघ वहीं भूखे-प्यासे फंसा रहा। कैमरे में ट्रेस होने के बाद वन विभाग ने उसका रेस्क्यू किया। बाघ के दोनों पिछले पैर फंदे की वजह से बुरी तरह जख्मी है, इस वजह से इलाज के लिए उसे जंगल सफारी रायपुर भेजा गया। फॉरेस्ट अफसरों का कहना है कि बाघ के चोट में सड़न आ चुकी थी और कीड़े पड़ चुके थे, जिससे बाघ की हालत और भी गंभीर हो गई थी। वन विभाग को इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल एक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। ट्रैंकुलाइज कर बाघ को बेहोश किया गया, फिर सावधानीपूर्वक उसके पैरों से तार हटाकर प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए जंगल ▶▶|शेष पेज 6 पर



### बाघ की हालत गंभीर

*इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक संदीप बलगा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बाघ की हालत गंभीर है, लेकिन चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और उसकी स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा रही है। वन्यजीव संरक्षण पर बड़ा सवाल इस घटना ने जंगलों में सक्रिय शिकारियों और उनके द्वारा लगाए जा रहे घातक जालों को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।*

### कुछ साल पहले शिकारियों ने किया था एक बाघ का शिकार

*ज्ञात हो की कुछ साल पहले इंद्रावती टाइगर रिजर्व के कोंडामौसम के जंगलों में शिकारियों ने एक बाघ का शिकार कर उसे मार दिया था और उसके अंगों का सौदा करने के लिए उसे बाजार में बेचने का प्रयास किया था। जिसके बाद आईटीआर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 40 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।*

### बाघ की उम्र 5 से 6 वर्ष

*घायल अवस्था में जंगल सफारी लाया गया बाघ मेल है। उसकी उम्र पांच से छह वर्ष के करीब है। बाघ की हालत काफी क्रिटिकल है। बाघ को बचाने हर संभव कोशिश की जा रही है। बाघ के दोनों पैर के पंजों के घाव पांच से सात दिन पुराना होने की आशंका है।*

*- डॉ. जय किशोर जडिया, वन्यजीव चिकित्सक जंगल सफारी*

---

**सुकमा में डीएफओ के पद पर रहते हुए की थी गड़बड़ी**

# सात करोड़ के बोनस घोटाले में पहली गिरफ्तारी, आईएफएस पटेल को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों के तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में सुकमा के तत्कालीन डीए फओ, निलंबित आईएफएस अफसर अशोक कुमार पटेल को ईओडब्लू, एसीबी ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अफसर को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए सात दिनों के लिए 23 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है। जांच एजेंसी ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में 30 अप्रैल तक रिमांड की मांग की थी। घोटाले के आरोप में राज्य में आईएएस, आईपीएस के बाद किसी आईएफएस अफसर की यह पहली गिरफ्तारी है।

**हरिभूमि फॉलोअप**

तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में आ ई ए फ ए स अफसर की पूर्व से ही गिरफ्तारी की आशंका व्यक्त की जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू के अफसर अशोक कुमार पटेल को बोनस वितरण घोटाला में पूछताछ के लिए कई बार तलब कर चुके थे। पूछताछ में सहयोग नहीं करने पर ईओडब्लू ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आईएफएस अफसर की गिरफ्तारी के बाद और कई लोगों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। अशोक पटेल को कोर्ट में पेश किया गया तब उनके साथ उनके परिवार के लोग भी कोर्ट परिसर में उपस्थित थे। कोर्ट ने पूछताछ के दौरान अशोक पटेल को उनके परिजनों से नियमित आधे घंटे तक मुलाकात करने का आदेश दिया है।

पिछले माह बस्तर में एजेंसी ने कुंजाम समेत कई प्रबंधकों के ठिकानों पर मारे थे ताबड़तोड़ छापे



### छापे की कार्रवाई के बाद एफआईआर

*सात करोड़ रुपए के तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने मार्च में अशोक पटेल के सरकारी निवास के साथ ही उनके पैतृक निवास रायगढ़ तथा पैतृक गांव में छापे की कार्रवाई की थी। छापे के बाद ईओडब्लू ने आठ अप्रैल को सीपीआई नेता तथा पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, आधा दर्जन से ज्यादा वनकर्मी, अफसर तथा कारोबारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। अपराध दर्ज करने के दो दिन बाद ईओडब्लू ने घोटाले के आरोपियों के यहां 10 अप्रैल को सुकमा तथा कोंटा में अलग-अलग जगहों में छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में वनमंडल कर्मी राजशेखर पुराणिक के घर से ईओडब्लू ने 26 लाख 63 हजार 700 रुपए नद जब्त किए थे।*

### यह है पूरा मामला

*सुकमा के तत्कालीन डीएफओ पर वनकर्मी, अफसर, नेता तथा कारोबारियों के साथ साठ-गांठ कर तेंदूपत्ता बोनस वितरण राशि में घोटाला करने का आरोप है। यह घोटाला वर्ष 2021 और 2022 के तेंदूपत्ता सीजन से जुड़ा है, जिसमें छह करोड़ 50 लाख रुपए की राशि संग्राहकों को दी जानी थी, जिसे डीएफओ ने हितग्राहियों को वितरण करने के बजाय फर्जी लोगों के नाम से वितरण दिखाकर आपस में बंदरबांट कर लिया। घोटाला करने नक्सल प्रभावित क्षेत्र का हवाला देकर नकद राशि वितरण करने वन मुख्यालय से विशेष अनुमति ली गई थी।*

---

**परीक्षाओं में कम उपस्थिति को देखते हुए साय कैबिनेट का फैसला, कई और अहम मुद्दों पर निर्णय**

# पीएससी-व्यापमं समेत प्रतियोगी परीक्षाओं में जो उपस्थित होंगे, उनकी फीस होगी वापस

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड, सरगुजा, बस्तर,बिलासपुर, द्वारा आयोजित परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो परीक्षा अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होंगे उन्हें उनके द्वारा दी गई परीक्षा शुल्क की राशि वापस की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट का मानना है कि इससे सिरियस केन्डीडेट की परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा, वहीं नॉन सिरियस केन्डीडेट और इनइलिजिबल केन्डीडेट परीक्षा फॉर्म नहीं भरेंगे और इनके कारण राज्य शासन को होने वाली आर्थिक क्षति भी कम होगी।

**खास खबर**

### छोटे व्यापारियों की देनदारी होगी माफ

कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा।

### राज्य के कारखानों से खरीदी जाएगी शक्कर

मंत्रिपरिषद ने राज्य में सहकारिता को प्रोत्साहन दिये जाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शक्कर वितरण हेतु अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक आवश्यक शक्कर का क्रय राज्य के सहकारी शक्कर कारखानों से करने का निर्णय लिया है।



### एनआईएफटी का नया कैंपस नवा रायपुर में

कैबिनेट की बैठक में नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में एनआईएफटी के कैम्पस को मंजूरी प्रदान की गई। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का नया कैम्पस छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में स्थापित किया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार इस परियोजना की कुल संभावित लागत करीब 271.18 करोड़ रुपये होगी। इसमें भूमि खरीदने के लिए 21.18 करोड़, भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ और मशीनरी, फर्नीचर आदि के लिए 50 करोड़ रुपये का व्यय शामिल है।

### बायो सीएनजी सयंत्रों के लिए रियायती जमीन

मंत्रिपरिषद ने राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि आबंटन किये जाने की सहमति प्रदान करते हुए आगे की कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग एवं संबंधित नगर निगमों को अधिकृत किया है।

### प्रदेश के युवाओं को मिलेंगे अवसर

एनआईएफटी की स्थापना से फैशन शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और फैशन उद्योग को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधन भी उपलब्ध हो सकेंगे। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) भारत में फैशन शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान है, जिसकी स्थापना 1986 में कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत हुई थी। एन.आई.एफ.टी. के पूरे भारत में 17 परिसर हैं, जिनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु शामिल हैं। यह संस्थान फैशन डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करता है। संस्थान फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन प्रबंधन ▶▶|शेष पेज 6 पर

### हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट संयंत्र को 100 एकड़ जमीन

*छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को औद्योगिक और आर्थिक विकास के नए शिखर पर ले जाने की दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) को राज्य में हैवी अर्थ मूविंग इक्वीपमेंट मैन्यूफैक्चरिंग संयंत्र की स्थापना की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इस संयंत्र के लिए बिलासपुर, चांपा के समीप नेशनल हाईवे से लगी 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय रोजगार सृजन और सूक्ष्म-लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना है। छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30, जो एक नवंबर 2024 से लागू हुई, सरकार ने राज्य को निवेशकों के लिए अनुकूल बना दिया है। इस नीति का मूल मंत्र न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन है, जिसके तहत उद्योगों को स्थापित करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। सिंगल विंडो* ▶▶|शेष पेज 6 पर

---

## खबर संक्षेप

### कैलाश मानसरोवर यात्रा दोबारा होगी शुरू

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जल्द ही फिर से शुरू होने की संभावना है। इस बारे में सार्वजनिक सूचना जारी की जा सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम शीघ्र ही कैलाश मानसरोवर यात्रा पर सार्वजनिक सूचना जारी करेंगे और यात्रा जल्द ही दोबारा शुरू होने की संभावना है।

### दो दिवसीय अमेरिकी दौरे पर होंगे राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अगले सप्ताह दो दिनों के अमेरिका दौरे पर जाएंगे। वह भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात करने के साथ ही ब्राउन विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष 21 और 22 अप्रैल को अमेरिका में होंगे।

### अलका पांडे फ्रांसीसी पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी राजदूत थेरी मथौ ने कला इतिहासकार अलका पांडे को 'ऑफिसियर डान्स ल' ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस' का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। यह सम्मान पांडे की कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों, भारत की समृद्ध कला विरासत की महान विविधता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए उनकी आजीवन प्रतिबद्धता तथा फ्रांस और भारत के बीच सांस्कृतिक संबंधों में उनके दीर्घकालिक योगदान को मान्यता देता है।

---

**समय पर उपचार नहीं मिलने से दो नवजात की मौत**

# आठ घंटे प्रसव पीड़ा से तड़पती रही महिला, मृत पैदा हुआ बच्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं बुरा हाल है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एक नर्स के भरोसे छोड़ दिया जा रहा है और डॉक्टर नदारद रह रहे हैं तो कहीं लोगों को रिफर करने के बाद भी एंबुलेंस भी नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में भारी लापरवाही के दो मामले सरगुजा में सामने आए है। एक तरफ अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही और गैर मौजूदगी के कारण महिला को मृत बच्चा ▶▶|शेष पेज 6 पर

- उदयपुर में तीन घंटे एक होता रहा एंबुलेंस का इंतजार, नवजात ने तोड़ा दम



### नर्स के भरोसे अस्पताल, जन्मा मृत बच्चा

एक नर्स के भरोसे ही पूरे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को छोड़ दिया गया। इस दौरान प्रसूता दर्द से तडपती रही। ना ही कोई चिकित्सक पहुंचा और ना ही प्रसूता को सही उपचार मिला जिसके बाद महिला ने एक मृत बच्चे को जन्म दिया। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के ग्राम बरगीडीह निवासी ज्योति पति मुनेश्वर सोनवानी को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बीएमओ का वीडियो वायरल

लुंड्रा विकासखंड में बरगीडीह अस्पताल में लापरवाही का यह कोई पहला मामला नहीं है। अब मामले में लुंड्रा बीएमओ का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे कहते नजर आ रहे है कि ▶▶|शेष पेज 6 पर

### होगी कड़ी कार्रवाई

जनहित से जुड़े किसी भी मामले में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उदयपुर के मामले में ड्यूटी नर्स को नोटिस जारी करने के साथ ही इन्क्रीमेंट रोकने का निर्देश सीएमएचओ को दिया गया है। इसके साथ ही बरगीडीह क्षेत्र से भी लगातार शिकायतें मिल रही थी। सभी मामलों में तीन दिनों के भीतर नोटिस का जवाब मांगा गया है।

-डॉ. अनिल शुक्ला, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

---

**हरियाणा भूमि सौदा**

# ईडी ने तीन दिन में वाड्रा से की 16 घंटे तक पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा 2008 के हरियाणा भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को लगातार तीसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। जांच के तहत वाड्रा (56) से पिछले तीन दिनों में 16 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। वह अपनी पत्नी एवं सांसद प्रियंका गांधी के साथ ईडी कार्यालय पहुंचे।

### क्या है मामला

जांच फरवरी 2008 में हुए एक भूमि सौदे से संबंधित है, जिसमें वाड्रा से जुड़ी एक कंपनी, 'स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड' ने गुरुग्राम के शिकोहपुर में 'ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज' नामक कंपनी से 7.5 करोड़ रुपये की कीमत पर 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। वाद्रा इस कंपनी में पहले निदेशक थे।

---

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई नाराजगी**

# धनखड़ बोले-अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं

*धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया*



> भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम स्वयं संभालेंगे और एक 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय-सीमा तय की थी। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर ▶▶शेष पेज 6 पर

### भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा

धनखड़ ने कहा कि भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है और राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है।

### जज के घर से जले हुए नोटों के बंडल का जिक्र

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के आवास से बड़े पैमाने पर नकदी की बरामदगी से जुड़े मामले में प्राथमिकी दर्ज न किए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि क्या "कानून से परे एक श्रेणी" को अभियोजन से छूट हासिल है। धनखड़ ने कहा, अगर यह घटना आम आदमी के घर पर हुई होती, तो इसकी (प्राथमिकी दर्ज किए जाने की) गति इलेक्ट्रॉनिक रॉकेट सरीखी होती, लेकिन उक्त मामले में तो यह बैलगाड़ी जैसी भी नहीं है।उपराष्ट्रपति ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का सुरक्षा कवच नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी संस्था या व्यक्ति को पतन की ओर धकेलने का सबसे पुख्ता तरीका उसे जांच से सुरक्षा की पूर्ण गारंटी प्रदान करना है।

---

**छत्तीसगढ़ ने जारी किया नियम में संशोधन**

# छत्तीसगढ़ -ओडिशा के मध्य बसों के लिए खोले गए 170 नए रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्य ओडिशा के बीच 170 नए मार्गों पर दोनों तरफ से यात्री बसें चलाने की तैयारी है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार ने रूट तय कर दावा आपत्ति मंगाई है। यही प्रक्रिया ओडिशा सरकार द्वारा भी अपनाई जाएगी। दोनों राज्यों के बीच सहमति बनने के बाद इंटर स्टेट यात्री बसों का संचालन होगा। हालांकि इससे पहले अब तक छत्तीसगढ़ की बसों के लिए ओडिशा में चलना बेहद कठिन है। बस ऑपरेटर इस विवाद को लेकर भारी नाराजगी में हैं। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच अंतरराज्यीय परिवहन ▶▶|शेष पेज 6 पर

**हरिभूमि सरोकार**



**ये है संशोधन** एक राज्य से परमिट रखने वाले व्यक्ति को निवास के परिवर्तन या व्यवसाय के प्रमुख स्थान के आधार पर पारस्परिक राज्य से परमिट प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्थायी अनुज्ञा पत्र के अंतरण की अनुमति केवल परिवार के सदस्यों के मध्य होने पर ही दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार एवं उड़ीसा सरकार द्वारा स्वीकृत अनुज्ञा पत्रों एवं प्रतिहस्ताक्षर किये गये अनुज्ञा पत्रों की सूची को दोनों राज्य साझा करेंगे।

### वाहनों का अंतराल कम से कम 10 मिनट का होगा

नवीन अनुज्ञापत्र की स्वीकृति के दौरान प्राप्त आपत्तियों व अन्य तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए, वाहनों के मध्य कम से कम 10 मिनट का युक्तियुक्त अंतराल बनाए रखा जायेगा। दोनों राज्यों के मध्य अवैध वाहन संचालन संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी: और छत्तीसगढ़ के बस संचालकों को उड़ीसा राज्य में वाहन संचालन हेतु सभी प्रकार की सुविधा और आवश्यक सहयोग उड़ीसा सरकार द्वारा प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार की सुविधा व सहयोग छत्तीसगढ़ राज्य में उड़ीसा के वाहन संचालकों को दी जायेगी।

### बस संचालकों में नारजगी, कही ये बात

छत्तीसगढ़ से ओडिशा की ओर बस संचालन करने वाले आपरेटरों में मौजूदा व्यवस्था को लेकर नाराजगी है, क्योंकि उनके वाहनों को ओडिशा में चलने नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनवर अली का कहना है कि ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बीच जो फेरों की संख्या बढ़ाई जा रही है, उससे सिर्फ फायदा ओडिशा के बस ऑपरेटरों को होना है, क्योंकि ओडिशा राज्य के बस ऑपरेटर और परिवहन ▶▶|शेष पेज 6 पर



बस्तर जिले के केशलूर से सुकमा जिले में 170 किमी राज्यमार्ग बना हुआ था। उसके बाद वर्ष 1982 में 200 वर्ग किलोमीटर कांगेर घाटी उद्यान स्थापित किया गया, इसमें से 6.01 किमी सड़क कांगेरघाटी उद्यान में रहा, जिसके चलते यह सड़क का चौड़ीकरण या मरम्मत प्रतिबंधित किया गया। यह सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के माध्यम से गुजरती है और इसके चौड़ीकरण से गुफाओं और वन्यजीवों को नुकसान हो सकता है। यही कारण से सड़क चौड़ीकरण का कार्य अस्थायी रूप से रूका गया है। उसके बाद भी लगभग 36 वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार ने इसी 170 किमी को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया, जो वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग-30 है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के प्रतिबंधित क्षेत्र का 6.01 किमी का नहीं हो रहा चौड़ीकरण


महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले को सुकमा जिले से जोड़ने वाली सड़क लगभग 36 साल पहले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 घोषित किए गए थे, लेकिन प्रतिबंधित होने के चलते 6.01 किलोमीटर की सड़क राज्य मार्ग बनी हुई है। लगभग 170 राष्ट्रीय राजमार्ग में से 6.01 किलोमीटर की सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के नक्शे में होने के चलते यह सड़क ढाई मीटर चौड़ा है, जिसका चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। जबकि यह सड़क आंध्रप्रदेश, तेलंगाना राज्यों को जोड़ती हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के बावजूद राज्य मार्ग के रूप में उपयोग की जा रही है। बस्तर से सुकमा जिले छिंदगढ़ तक नेशनल हाइवे की हालत बद से बदतर हो चुकी है।

## नक्शे में नहीं होने के चलते 4 दशक से चौड़ी नहीं हो सकी एनएच



**टेंडर प्रक्रिया में :** लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग उप संभाग सुकमा के एसडीओ दिलीप बारला ने इस संबंध में बताया कि नेशनल हाईवे-30 का 34 किमी जर्जर सड़क के रिनीवल का कार्य टेंडर प्रक्रीया में है। लेकिन इसमें 6.01 किमी सड़क नहीं है।



### खुद पर आंसू बहा रहा एनएच

बस्तर जिले के दरभा झीरम घाटी नेशनल हाईवे-30 पर 11 वर्ष पूर्व हुए देश के सबसे बड़े नक्सली हमलों में से एक झीरम घाटी हमले में 31 लोगों की शहादत हो गई, इसके चलते यह सड़क याद दिलाकर खुद पर आंसू बहा रहा है। यह सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के माध्यम से गुजरती है और इसके चौड़ीकरण से गुफाओं और वन्यजीवों को नुकसान हो सकता है। यही कारण से सड़क चौड़ीकरण का कार्य अस्थायी रूप से रूका गया है।

### सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं

दरभा के बाद झीरम घाटी से लेकर तोंगपाल, छिंदगढ़ पाकेला तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। छिंदगढ़ ब्लॉक तक बीच मे पड़ने वाली तोंगपाल, छिंदगढ़, पाकेला, में भी पूरे रास्ते भर में बड़े-बड़े गड्ढे के बीच एनएच खो चुका है। नेशनल हाईवे की दशा इतनी बुरी हो चुकी है कि सुकमा से जगदलपुर की दूरी तय करने में लगभग 4 से 5 घंटे का समय लग रहा है। इसके अलावा तोंगपाल से सुकमा तक 50 किलोमीटर की सड़क को पार करने में लोगों को 2 से ढाई घंटे का समय लग रहा है।

## खबर संक्षेप

### डीएमएफ घोटाले के आरोपी की जमानत खारिज

**रायपुर।** जेल में बंद डीएमएफ घोटाला के आरोपी मनोज द्विवेदी की ईओडब्लू की विशेष कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। बचाव पक्ष के वकील ने अपने पक्षकार को निर्दोष बताते हुए जमानत दिए जाने तथा जांच में सहयोग करने कोर्ट मे तर्क पेश किया। साथ ही बचाव पक्ष के वकील ने ईओडब्लू पर अपने मुवक्किल को झूठे केस में फंसाए जाने का आरोप लगाया।

### पुलिस कर्मी को ठगने वाला तीन साल बाद पकड़ा गया

**रायपुर।** ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट कराने के नाम पर पुलिस कर्मी से ठगी करने वाले आरोपी को



पुलिस ने तीन साल बाद गिरप्तार किया है। आरोपी विपिन कुमार छितई उत्तरप्रदेश के रायबरेली का रहने वाला है। प्रार्थी रविकांत कटारे ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि डीबीएस बैंक का परिचय देकर एक शख्स ने उससे कार्ड एक्टिवेट करने के नाम पर विभिन्न तरह की जानकारी ली और उसके खाते से 80 हजार रुपये से ज्यादा राशि गायब कर दी थी। मामले की जांच के दौरान आरोपी का सुराग मिला, जिसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर रायपुर लेकर आई।

### उसूर, जांगला, नेलसनार थाना व कोबरा 205, 206, 210 बटालियन की संयुक्त कार्रवाई

# दो ईनामी सहित 22 नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटक भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खास खबर

नक्सलियों के खिलाफ पहली कार्रवाई थाना उसूर क्षेत्र में की गई। उसूर थाना से थाना एवं कोबरा 205, 210 बटालियन की टीम अभियान के दौरान टेकमेटला के जंगल से विस्फोटक के साथ 7 सक्रिय माओवादियों को टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार एवं प्रतिबंधित संगठन का पाम्पलेट आदि के साथ पकड़ा। गिरफ्तार नक्सलियों में बासागुड़ा थाना क्षेत्र के रेखापल्ली निवासी मिलिशिया मेंबर देवा माड़वी 23 वर्ष के अलावा चैनु माड़वी 20 वर्ष, मल्ला माड़वी 24 वर्ष, माड़वी लखमा 45 वर्ष, लाला मीड़ियम 30 वर्ष, अंदा माड़वी 32 वर्ष व गंगा माड़वी 39 वर्ष शामिल है। वहीं दूसरी कार्रवाई में थाना जांगला एवं डीआरजी का संयुक्त बल बेलचर, भुरीपानी एवं कोटमेटा की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान बेलचर के जंगल से विस्फोटक के साथ 6 सक्रिय माओवादियों को टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर, बिजली का तार, बैटरी, खुदाई का औजार, टंगिया आदि के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों में आरपीसी सीएनएम मेंबर समीला ओयाम 22 वर्ष निवासी छोटेपल्ली पटेलपारा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर के अलावा सन्तु ओयाम 23 वर्ष, सायबो माड़वी 39 वर्ष, रमेश आरकी 19 वर्ष, शंकर आरकी 22 वर्ष तथा कोहले ओयाम 22 वर्ष निवासी कोलनार थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर शामिल है।

**बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित उसूर, जांगला व नेलसनार थाना क्षेत्र से जिला बल व सीआरपीएफ की सयुंक्त टीम ने 22 नक्सलियों को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में दो ईनामी भी शामिल है। सभी नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एरिया डॉमिनेशन पर निकली टीम द्वारा इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।**






### बचाव मंच अध्यक्ष समेत 9 गिरफ्तार

नक्सलियों के खिलाफ तीसरी कार्रवाई थाना नेलसनार व कैम्प हेमलापारा 8 सी बटालियन द्वारा की गई। अभियान के दौरान कांदाकरका के जंगल से 9 सक्रिय माओवादियों को टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर, बिजली का तार, बैटरी, खुदाई का औजार, नक्सल साहित्य, टंगिया आदि के साथ पकड़ा गया।

### ये पकड़े गए

गिरफ्तार नक्सलियों में मूलवासी बचाव मंच अध्यक्ष सोमा ओयाम 28 वर्ष निवासी लेकावाड़ा थाना ओरछा जिला नारायणपुर के अलावा मुन्ना ओयाम 25 वर्ष, पीलू ओयाम 35 वर्ष, मोटू ओयाम 20 वर्ष, मंगड़ू ओयाम 22 वर्ष, मंगड़ू ओयाम 40 वर्ष, पण्डरू ओयाम 20 वर्ष, रामू ओयाम 25 वर्ष तथा मुन्नी ओयाम 20 वर्ष निवासी लेकावाड़ा थाना ओरछा जिला नारायणपुर शामिल है। गिरफ्तार सभी नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### खाने की बात पर हुआ था विवाद

# पिटाई से बहू की मौत ससुर ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर।

परपा थाना क्षेत्र के मावलीगुड़ा पण्डरीपानी में खाने की बात पर हुए विवाद के चलते ससुर ने बहू पर लकड़ी के पाटे से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बहू का डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही ससुर ने भी सदमे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।



जानकारी के मुताबिक घटना 8 अप्रैल की है। मा व ली गु ड़ा पण्डरीपानी निवासी गोदावरी नाग भोजन कर रहा था। बहू प्रफुल्लदेवी से खाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि ससुर ने अपनी बहू पर लकड़ी के पाटे से हमला कर दिया। हमले से गंभीर बहू को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान 15 अप्रेल को उसकी मौत हो गई। बहू की मौत की खबर लगते ही सदमें में ससुर ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परपा पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम के बाद ससुर व बहू का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### एक साथ हुआ बहू व ससुर का अंतिम संस्कार

एक ही दिन ससुर व बहू की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों के शव का आसपास ही गांव में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण अंतिम यात्रा में शामिल हुए। मृतक के तीन पुत्र हैं। बहू की लगभग 6 वर्ष की पुत्री व ढाई वर्ष का एक पुत्र है जिनके सिर से मां का साया उठ चुका है। क्षणिक आवेश के चलते दो लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा।

### मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** साथियों के साथ घर घुसकर युवक और उसकी मां से मारपीट करने के मामले में फरार आरोपी मोहसिन अली उर्फ मौसन उर्फ मुसन अली को दो साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## महादेव के खिलाड़ियों का पूर्वोत्तर कूच, दबोचे गए 14 सटोरिये

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महादेव तथा गजानंद एप से आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में 14 सटोरियों को पुलिस ने कोलकाता तथा असम से गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए सटोरियों में आठ झारखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार तथा मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के साथ ही बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। इस बार पूर्वोत्तर के राज्य को ठिकाना बनाया और रिमोट एरिया में मकान किराए पर लेकर सट्टा संचालित कर रहे थे। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बताया है कि ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में कोलकाता से बिलासपुर निवासी पंकज वासवानी, रायपुर निवासी रवि सजनानी, बिहार, दरभंगा निवासी रोशन कुमार ठाकुर, बिलासपुर निवासी प्रतीक सोनी, मध्यप्रदेश, कटनी निवासी संदीप अमरानी, झारखंड सिंहभूम निवासी अंकुल मिश्रा, दीपांशु गुप्ता, भिलाई निवासी ताज्जु मसीह के साथ असम, गुवाहाटी से बिलासपुर निवासी कुशल साहू, दुर्ग निवासी जीत सिंह, रायपुर निवासी सुजल रूपरेला, मध्यप्रदेश, छिंदवाड़ा निवासी अनुराग डहरिया, झारखंड, सिंहभूम निवासी हरदीप सिंह तथा उत्तरप्रदेश, आगरा निवासी भानू सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है।

# नौसिखिए ने ली 8 साल की बच्ची की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के प्रेमाबाग में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। गर्मी की छुट्टियां मनाने मामा के घर आई 8 वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने बाउंड्री में घुसकर उसे कुचल डाला। हादसे के पीछे लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना ड्राइविंग की भयावह तस्वीर भी सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल की सुबह प्रेमाबाग बाबू कॉलोनी निवासी सुनील विश्वकर्मा की भांजी इमांशी विश्वकर्मा पिता बहादूर विश्वकर्मा उम्र 8 वर्ष बाउंड्री के अंदर खेल रही थी, इसी दरम्यिान स्कार्पियों वाहन क्रमाक सीजी 16 सीक्यू 2859 में नौसिखिया आरोपी चालक आयूष पैकरा पिता रामअवतार पैकरा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सत्तीपारा ने जबरजस्त ठोकर मार दी।इस घटना में बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। आनन-फानन में बालिका को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद परिवार में दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच आरोपी चालक को हिरासत में लेकर उसके विरूद्ध बीएनएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



### तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम नहीं

रिहायशी वार्डों में दुपहिया और चारपहिया वाहनों की गति पर कोई नियंत्रण नहीं है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है। यह हादसा न सिर्फ एक मासूम की असमय मौत है, बल्कि यह प्रशासन, समाज और ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े करता है।

### मामा के घर आई थी मासूम

मृत बालिका इमांशी अपने मामा के घर गर्मी की छुट्टियां बिताने आई थी, सभी हंसी-खुशी समय गुजार रहे थे, इसी बीच गुरूवार की सुबह हुए इस अप्रत्याशित घटना से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतिका के मामा सुनील विश्वकर्मा डेयरी संबंधी कामकाज देखते हैं।


### रहवासी इलाके में सीख रहा था गाड़ी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ब्लैक रंग की स्कार्पियों वाहन में नौसिखिए चालक के बगल में एक युवक और बैठा हुआ था, जो उसे गाड़ी चलाना रहवासी इलाके में सिखा रहा था। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के दौरान जब आरोपी चालक ने जबरजस्त ठोकर मारी तो उस दौरान वाहन से उसका नियंत्रण हट गया था, किसी तरीके से गाड़ी को बैक किया तो बालिका को निकाला जा सका। ठोकर इतनी जबरजस्त थी कि गेट सहित बाउंड्री बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई।

### नागरिकों में आक्रोश

हादसे के बाद क्षेत्र में गुस्से का माहौल है। लोगों ने मांग की है कि घनी बस्तियों में तेज रफ्तार और ट्रायल ड्राइविंग पर तत्काल रोक लगे। नागरिकों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि क्या शहर की गलियों में इस तरह ड्राइविंग सिखाना अपराध नहीं? क्या रिहायशी इलाकों में वाहन नियंत्रण के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं है? यदि समय रहते नियम बनाए जाते, तो एक मासूम की जान बच सकती थी।

## शब्द पहेली - 5840



**बाएँ से दाए**

1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5839 का हल



## सूडोकु नवताल - 5850

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5849 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






*विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों को जंगलों शहरी इलाके के नजदीक बसाने की सरकारी योजना सफल नहीं हो पाई है। दुर्गम पहाड़ी के ऊपर बसे इन ग्रामीणों के लिए करोड़ों रुपए खर्च करते हुए सरकार ने सुविधाजनक नया ताराझर गांव बसाकर दिया था। इसमें बकायदा सभी परिवारों के लिए पक्का मकान, बेहतर पेयजल पानी की सुविधा, तालाब, बिजली, सीसी रोड, मोबाइल टावर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इसके बावजूद भी ग्रामीणों यह गांव रास नहीं आया, और वे वापस पहाड़ों की ओर लौट गए।*



**कमारों के लिए बसाया गया गांव ताराझर अब उजाड़**

# सरकार ने पानी, बिजली, टॉवर, पक्की सड़क से सजा कर दिया गांव, आदिवासियों को रास नहीं आया और फिर चढ़ गए पहाड़!

हसन खान ▶▶| मैनपुर

खास खबर

जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से करीब 18 किलोमीटर दूर घने जंगल के भीतर ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट है। इस पंचायत की कुल आबादी 1476 है, जिसमें 139 कमार परिवारों के लगभग 413 लोग पहाड़ी के ऊपर बसे है और इनका रहनवास 8 दशक पुराना है। बताया जा ▶▶|शेष पेज 6 पर



### जन-मन योजना के तहत सुविधा उपलब्ध कराने से एक बार फिर जगी उम्मीद

केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा जन-मन योजना के तहत विशेष पिछड़ी कमार जनजातियों के विकास के लिए अनेक योजना संचालित किए जा रहे हैं। जिससे एक बार ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सरकार बदलते ही योजना पर नहीं हुआ ठीक से काम

वर्ष 2018 में छत्तीसगढ में छत्तीसगढ में सत्ता परिवर्तन हुआ और कांग्रेस की सरकार बनी, यहां के ग्रामीणों को खेती किसानी दिलाने का जो वायदा किया गया था, उसे कांग्रेस सरकार भूल गई और ग्रामीणों को खेती किसानी व संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए । जिसके कारण यहां ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पहाड़ी से लौटे ग्रामीणों ने यह बताई पीड़ा..

यहां रहने वाले ग्रामीण जयसिंह, चरणसिंह कमार, जगनाथ कमार, अभिसिंह कमार, हरिसिंह कमार, धनीराम, सीताराम ने चर्चा में बताया कि वे पहाड़ी से उतरकर नया ताराझर में निवास कर रहे थे। जहां भले ही सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा थी, लेकिन उनके जीविकोपार्जन के लिए कोई ठोस योजना नहीं थी, जो खेत मिला था वह पथरीला था, जिसके कारण फसल नहीं होती और बांस बर्तन बनाने के लिए बांस भी नहीं मिल रहे थे। उस समय तत्कालीन अफसरों द्वारा अनेक सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई थी, लेकिन कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। ▶▶|शेष पेज 6 पर

## वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश

# केंद्र सरकार को दिए सात दिन, अगले आदेश तक नहीं होगी कोई नई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को सात दिन का समय दिया। न्यायालय ने साथ ही यह भी कहा कि इस बीच केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। कोर्ट के अंतरिम आदेश को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने अपनी-अपनी जीत बताया है।*

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि उन्हें कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाए, जिसके बाद अदालत ने उन्हें वक्त दिया। न्यायालय ने कहा कि मामले में इतनी सारी याचिकाओं पर विचार करना असंभव, केवल पांच पर ही सुनवाई होगी।

- केंद्र से 7 दिन में मांगा जवाब, 5 मुख्य आपत्तियों पर होगी सुनवाई

याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई के दूसरे दिन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है तो उन संपत्तियों को नहीं छेड़ा जा सकता। वहीं, केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को आश्वासन दिया कि वह अगली सुनवाई तक 'वक्फ बाय डीड' और 'वक्फ बाय यूजर' को गैर-अधिसूचित नहीं करेगा।

### 5 मई को अगली सुनवाई

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता केंद्र के जवाब पर पांच दिन में प्रत्युत्तर दाखिल कर सकते हैं, जिसके बाद वह मामले को अंतरिम आदेश के लिए सूचीबद्ध करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख तय की।*



### केवल पांच याचिकाओं पर ही होगी

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह अगली सुनवाई तक 'वक्फ बाय डीड' और 'वक्फ बाय यूजर' को गैर-अधिसूचित नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता के खिलाफ याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को सात दिन का समय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ मामले में इतनी सारी याचिकाओं पर विचार करना असंभव, केवल पांच पर ही सुनवाई होगी।

## इधर, सियासत

### ईसाई सद्भाव बैठकें आयोजित करेगी भाजपा

भाजपा केरल और 13 अन्य राज्यों में ईसाई बहुल क्षेत्रों में ईसाई सद्भाव बैठकें आयोजित करने की तैयारी कर रही है कि कैसे यह कानून अन्य समुदायों पर 'सकारात्मक प्रभाव' डालता है। पार्टी ने 20 अप्रैल से 5 मई तक 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' नामक अपने जागरूकता अभियान की शुरुआत करने की घोषणा पहले ही कर दी है और ईसाई आउटरीच कार्यक्रम इसी पहल का हिस्सा हैं। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, झारखंड, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना सहित प्रमुख राज्यों के प्रत्येक जिले में कम से कम एक बैठक आयोजित की जाएगी।

### कांग्रेस बोली- संविधान के मूल पर हमला

कांग्रेस प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, सरकार जिसे सुधार बता रही है, दरअसल वह अधिकारों पर प्रहार है। वक्फ अधिनियम प्रशासनिक कदम नहीं है, यह एक मूल वैचारिक हमला है। उन्होंने दावा किया, कानून सुधार की भाषा में यह अधिनियम पूरी तरह से 100 प्रतिशत नियंत्रण की नीति लाने का प्रयास करता है। यह न सिर्फ धार्मिक संस्थाओं पर चोट करता है बल्कि अल्पसंख्यकों के आत्मनिर्णय, स्वायत्तता की भावना को कुचलता है। यह सत्ता की दखलंदाजी को सुशासन कहकर पेश करता है। सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुप नहीं रहेगी और सड़क से लेकर संसद तक इस अधिनियम का विरोध करेगी।

## हरिभूमि की खबर पर मुहर, एमएलए लैड्स पोर्टल लांच

# विधायक निधि से खर्च पर पाई-पाई का होगा हिसाब


एमपीलैड्स की तर्ज पर राज्य के विधायकों के लिए भी तैयार हो रहा ऑनलाइन पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों की तरह विधायकों को जारी होने वाली विधायक निधी के उपयोग की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभारी बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने एमएलए लैड्स ऑनलाइन पोर्टल लांच किया है। पोर्टल के लांच होने के साथ हरिभूमि की खबर पर भी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### डिजिटल इंडिया अभियान के तहत महत्वपूर्ण कदम

एमएलए लैड्स पोर्टल डिजिटल इंडिया अभियान के तहत महत्वपूर्ण कदम है। इस पोर्टल से विधायक निधि का उपयोग अधिक प्रभावी तरीके से होगा।

**- नारायण बुलीवाल, अपर संचालक, योजना एवं सांख्यिकी विभाग**

### एमपीलैड्स की तर्ज पर बनाया गया एमएलएलैड्स पोर्टल

एमपीलैड्स ऑनलाइन पोर्टल की तर्ज पर एमएलए लैड्स पोर्टल बनाया गया है। अभी तक एमपीलैड्स पोर्टल में सांसदों के लिए जारी गाइड लाइन, सांसद निधी, व्यय का ब्योरा, अनुशंसित, स्वीकृत एवं पूरे हुए कार्यों का संक्षिप्त ब्योरा सहित अन्य कई तरह की जानकारियां पोर्टल में उपलब्ध हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### खर्च का दिया जाएगा ब्योरा

पोर्टल के शुरू से हो विधायक निधि की राशि से जिस कार्य में भी जितनी भी राशि खर्च की जाएगी, उसकी पाई-पाई का हिसाब होगा। सूत्र के अनुसार विधायक निधि की अनुशंसा के बाद स्वीकृत होने वाले कार्य के निर्माण के लिए एजेंसी को चार हिस्सों में राशि जारी की जाएगी। इस तरह पहली 25 प्रतिशत राशि देने के बाद दूसरी किस्त 50 ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पायलेट प्रोजेक्ट में जिले के सातों विधानसभा शामिल

पायलेट प्रोजेक्ट में रायपुर जिले के सातों विधानसभाओं को लिया गया है। इसमें रायपुर उत्तर, रायपुर पश्चिम, रायपुर दक्षिण, रायपुर ग्रामीण, धरसींवा, अभनपुर एवं आरंग शामिल है।

**गुजरात में भीषण हादसा**

## बस और ऑटोरिक्शा की टक्कर में छह की गई जान

**पाटन।** गुजरात के पाटन जिले में बृहस्पतिवार को एक ऑटोरिक्शा और राज्य परिवहन निगम की बस के बीच टक्कर में ऑटोरिक्शा सवार छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना अपराह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे सामी-राधनपुर राजमार्ग पर सामी गांव के पास हुई। पाटन जिले के पुलिस अधीक्षक वी के नई ने बताया कि राज्य परिवहन की बस हिम्मतनगर से कच्छ की ओर जा रही थी जबकि तिपहिया वाहन विपरीत दिशा से आ रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया, ऑटोरिक्शा सवार सभी छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिसमें चालक भी शामिल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के क्षतिग्रस्त हिस्से बस के नीचे फंस गए।



**बुरे फंसे तमिलनाडु के वन मंत्री**

## मंत्री के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के वन मंत्री के. पोनमुडी की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। विवादास्पद टिप्पणी मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने कहा कि यदि पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती है, तो कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि अब न्यायालय ने खुद मामले को संज्ञान में लिया है।



### वायरल वीडियो में आपत्तिजनक टिप्पणी

वायरल हो रहे वीडियो में पोनमुडी को यह कहते हुए सुना गया है कि महिलाएं, कृपया गलतफहमी न पालें। वह कहते हैं, एक व्यक्ति सेक्स वर्कर के पासा जाता है। फिर वह उस व्यक्ति से पूछती है कि वह शैव है या वैष्णव। जब आदमी को समझ में नहीं आता, तो सेक्स वर्कर पूछती है कि क्या वह पट्टई (क्षैतिज तिलक, जो शैव धर्म से जुड़ा है) या नामम (लंबवत तिलक, जो वैष्णव धर्म से जुड़ा है) लगाता है।

### *बढ़ते विरोध के बीच स्टालिन ने भी उठाया कदम*

*पोनमुडी की टिप्पणी से उनकी अपनी पार्टी डीएमके भी असहज हो गई। पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उन्हें डीएमके उप महासचिव के पद से हटा दिया। पार्टी सांसद कनिमोझी ने भी उनके बयान की आलोचना की थी। हालांकि की बाद में पोनमुडी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी, लेकिन विवाद थम नहीं सका।*

*अक्षय तृतीया से पहले उच्च स्तर पर सोना*

## सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड कीमत 98 हजार रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक मांग के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 70 रुपए बढ़कर 98,170 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले



सोने की कीमत 1,650रुपए बढ़कर 98,100रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी।

**इसलिए बढ़ रहे दाम**

- अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है।
लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**समृद्धि, शहडोल**



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



वैदिक, कोरबा


**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174




बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



# इंसानों की जगह स्पर्म लगाएंगे दौड़, अजीबोगरीब रेस होने जा रही, क्रिकेट मैच की तरह जुटेंगे हजारों दर्शक!

न्यूयार्क। आपने टीवी पर सैकड़ों रेस देखी होंगी, क्रिकेट या फुटबॉल मैच को देखने स्टेडियम गए होंगे, पर जो चीज इंसानों को बनाती है, क्या आपने उनकी रेस देखी है? सुनकर अजीब लगेगा, पर ऐसी रेस हकीकत बनने जा रही है। एक अजीबोगरीब रेस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इंसान नहीं स्पर्म दौड़ लगाएंगे। हैरानी की बात ये है कि इस रेस में क्रिकेट मैच की तरह हजारों दर्शक जुटेंगे।

## पुरुषों की सेहत के प्रति जागरुकता



एडवांस इमेजिंग से पता चलेगा कि कौन से स्पर्म ने पहले फिनिश लाइन को पार किया। इस रेस को देखने के लिए 1000 दर्शक तक आएंगे। इसे बड़े स्पोर्टिंग ईवेंट की तरह आयोजित किया जा रहा है। इसकी प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, लाइव कमेंट्री का आयोजन किया जाएगा और सट्टा लगाने के भी मौके लोगों को मिलेंगे। कंपनी ने इस रेस के लिए अबतक 8 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। इंसानी स्पर्म की चलने की स्पीड 5 मिलीमीटर प्रति मिनट के करीब होती है, ऐसे में ये रेस कितनी लंबी चलेगी, कोई नहीं जानता. ये कुछ मिनटों से लेकर घंटों तक भी चल सकती है।



### इस वजह से आयोजित की गई रेस

अब सवाल ये उठता है कि ऐसी रेस के आयोजन का कारण क्या है। इस रेस के जरिए पुरुषों की सेहत के प्रति जागरुकता फैलाई जा रही है। मेल फर्टिलिटी के बारे में लोग बात नहीं करते, पर इस रेस के जरिए ये बताया जाएगा कि स्पर्म की स्पीड और पुरुषों की सेहत कैसे एक -दूसरे से जुड़े हैं। इस आइडिया के पीछे 4 लोग हैं, जिनके नाम एरिक जू, निक स्मॉल, शेन फैन, और गैरेट निकोनिएनको है। कंपनी का कहना है कि अगर लोग किसी स्पोर्ट के लिए खुद को ट्रेन कर सकते हैं तो फिर अपनी सेहत के लिए ट्रेनिंग क्यों नहीं कर सकते!

## रोचक खबरें



### यहां चाव से खाए जाते हैं पसीने वाले लड्डू, कांख में दबा-दबाकर होते हैं तैयार

**टोक्यो।** आपने आजतक कई तरह की डिसेज ट्राई की होगी। हर जगह की कुछ खास डिश होती है, जिसे खाना लोग पसंद करते हैं। इन डिशेज के दीवाने लोग इसे चखने के लिए कई-कई किलोमीटर का सफर तय कर लेते हैं। पूरी दुनिया के कई देश अपने कंट्री के कुछ स्पेसिफिक कुजीन के कारण मशहूर है। जहां चीन में कुत्ते और बिल्ली का मांस चाव से खाया जाता है तो वहीं जापान में खाए जाते हैं पसीने वाले लड्डू। नाम सुनकर शायद आप भी हैरान रह गए होंगे। आपको लग रहा होगा कि भला ये कैसा लड्डू है? लेकिन, जैसा कि इसका नाम आपको बताया, ये असल में पसीने से ही बनाए जाते हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं जापान के स्पेशल राइस बॉल की। ये राइस बॉल खूबसूरत लड़कियों के कांख से दबाकर तैयार किया जाता है। इसके चावल पहले पका लिए जाते हैं। इसके बाद इन्हें ठंडा कर खूबसूरत लड़कियों के कांख के नीचे रखा जाता है, जहां दबा-दबा कर इसे शेप दिया जाता है। आपको भले ही ये सुनने में अटपटा लग रहा होगा, लेकिन जापान में इसे चाव से खाया जाता है। इस राइस बॉल को बनाने के लिए कई रेस्त्रां में लड़कियां रखी जाती है। उनके कांख के नीचे दबाकर इन्हें तैयार किया जाता है। बात अगर स्वाद की करें, तो इसे खाने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है। मर्दों में इस राइस बॉल को खाने का क्रेज देखने को मिलता है। लेकिन, इसे बनाने का तरीका और नियम काफी सख्त है। अगर इसके नियम नहीं माने गए तो राइस बॉल को अपना यूनिक टेस्ट नहीं मिल पाता।

### प्रेमी बाइक लेकर पहुंचा गर्लफ्रेंड की ससुराल, फिर सास को कमरे में किया बंद, फरार हो गए दोनों



**हरिद्वार ।** उत्तराखंड के हरिद्वार में एक नवविवाहिता ने शादी के महज़ 15 दिन बाद अपनी सास को कमरे में बंद कर दिया और अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। घटना में मोड़ तब ले लिया जब नवविवाहिता खुद प्रेमी संग पुलिस चौकी पहुंच गई। यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। बीते 31 मार्च को हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र की एक युवती की शादी पथरी क्षेत्र के एक युवक से कर दी गई थी। पर कहानी यहीं खत्म नहीं होती। युवती का अपने गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूजे से शादी करना चाहते थे, मगर परिवार की मर्जी ने उनकी मोहब्बत को बीच रास्ते में ही रोक दिया। घटना मंगलवार दोपहर की है जब नवविवाहिता घर पर अपनी सास के साथ अकेली थी। इसी दौरान उसका प्रेमी अपने एक साथी के साथ बाइक पर गांव पहुंचा। नवविवाहिता ने सास को कमरे में बंद किया और प्रेमी के साथ भाग निकली। कुछ समय बाद सास ने पड़ोसियों की मदद से खुद को छुड़वाया और तुरंत बेटे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। घटना ने तब और मोड़ लिया जब देर शाम नवविवाहिता खुद प्रेमी संग फेरुपुर पुलिस चौकी पहुंच गई। उसने पुलिस के सामने अपने मायके वालों पर जबरन शादी करवाने का आरोप लगाया और प्रेमी संग ही रहने की जिद पर अड़ी रही। फेरुपुर चौकी प्रभारी के अनुसार, नवविवाहिता अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। पुलिस और स्वजन दोनों उसे समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युवती अपने फैसले पर अडिग है।

### कूड़े में मिली पिता की 62 साल पुरानी पासबुक रातों-रात करोड़पति बन गया बेटा!

**सैंटियागो।** कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं, जो परियों की कहानी जैसी होती हैं। चिली में रहने वाले एक शख्स के साथ बिल्कुल ऐसा ही हुआ। और वो एक पुराने कागज के टुकड़े की बदौलत रातोंरात करोड़पति बन गया। उसे उम्मीद भी नहीं रही होगी कि उसे इस तरह से अपने पिता का आशीर्वाद उनकी मौत के 10 साल बाद मिलेगा। चिली में रहने वाले एक्सेक्विएल हिनोजोसा नाम के एक व्यक्ति को अपने दिवंगत पिता की पुरानी बैंक पासबुक कूड़ेदान में मिली। इसने उनकी किस्मत बदल दी और उन्हें एक छोटे से नोट से बैठे-बैठे करोड़ों रुपए मिल गए।

# वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में खोजा ऐसा ग्रह जिस पर है जीवन, मिल सकते हैं एलियंस

लंदन। एलियंस के बारे में अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों को बड़ी सफलता मिली है। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों को सुदूर अंतरिक्ष में मौजूद एक ग्रह पर एलियंस के होने के संकेत मिले हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शीर्ष खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने के2-18बी नामक इस सुदूर ग्रह पर जीवन से जुड़ी गतिविधि का अब तक का सबसे अच्छा संकेत देखा है। वैज्ञानिक इस बारे में 99.7% आश्वस्त हैं। ब्रिटिश मीडिया आउटलेट द सन ने वैज्ञानिकों के हवाले से बताया है कि के2-18बी नामक एलियंस ग्रह 120 प्रकाश वर्ष दूर है और हमारी पृथ्वी के आकार का लगभग ढाई गुना बड़ा है।

### धरती की तरह मिला संकेत

खगोलविदों ने ग्रह के वायुमंडल में डीएमएस नाम अणु की पहचान की है।



पृथ्वी पर इस अणु का निर्माण हमारे समुद्र में रहने वाले छोटे शैवाल करते हैं। इन्हें मानव आंखों से नहीं देखा जा सकता है, लेकिन बड़ी संख्या में पानी पर रंगीन पैच के रूप में दिखाई देते हैं। इसी तरह का एलियन जीवन इसे के2-18बी पर पैदा कर सकता है। प्रमुख वैज्ञानिक प्रोफेसर निक्कू मधुसूदन ने कहा, 'साहित्य में ऐसा कोई तंत्र नहीं जो ये समझा सकते कि हम जो देख रहे हैं वह बिना जीवन के (संभव) है।'

### दूसरे ग्रहों पर जीवन तलाशना है मुमकिन

मालूम हो कि इस खोज में अहम भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक निक्कू मधुसूदन ने कहा है कि यह खोज सभी के लिए बहुत खास है, क्योंकि इससे साबित होता है कि आज की तकनीक से हम दूसरे ग्रहों पर जीवन की संभावना और निशान ढूंढ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम अब उस दौर में आ गए हैं, जब दूर के ग्रहों पर जीवन तलाशना मुमकिन हो गया है।




### जेम्स वेब टेलिस्कोप के डेटा का अध्ययन

खगोलविदों ने अध्ययन के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से मिले डेटा का इस्तेमाल किया। इस विशाल टेलिस्कोप को 2021 में लॉन्च किया गया था। अध्ययन के दौरान वैज्ञानिकों को ग्रह के वायुमंडल में दो अणुओं के फिंगरप्रिंट दिखाई दिए हैं- डाइमेथिल सल्फाइड और डाइमेथिल डाइसल्फाइड।

### के2-18बी है ग्रह का नाम

वैज्ञानिकों ने इस ग्रह का नाम के2-18बी बताया है। यह ग्रह धरती से कई गुना बड़ा है और यह अपने तारे के उस हिस्से में चक्कर काट रहा है, जहां तापमान इतना सही होता है कि वहां पानी तरल रूप में रह सकता है। पानी का तरल रूप में होना जीवन के लिए बहुत जरूरी होता है।




### ग्रह पर महासागर की संभावना

अध्ययन में शामिल वैज्ञानिकों का मानना है कि नतीजे इतने पुख्ता हैं कि इसकी सिर्फ 0.3% प्रतिशत संभावना है कि यह संयोग से घटित हुआ हो। संभावना है कि यह एक पानी से भरा महासागर और एक घने हाइड्रोजन युक्त वायुमंडल वाला ग्रह है। प्रोफेसर मधुसूदन ने बताया कि 'अगर यह हाइसीन दुनिया है तो यह ग्रह महासागरों से ढंका होगा।' हाइसीन शब्द हाइड्रोजन और ओसन को एक साथ मिलाने से बना है। प्रोफेसर मधुसूदन ने आगे कहा, 'हम अभी नहीं जानते कि उन महासागरों का तापमान क्या होगा, लेकिन उम्मीद है कि यह पृथ्वी से थोड़ा गर्म होगा।' निक्कू मधुसूदन का कहना है कि अगर ऐसे ग्रह सच में हैं, तो वहां सूक्ष्म जीवों की संभावना हो सकती है। जैसे हमारी धरती के समुद्रों में होते हैं।

# ऐसे गांव में रहती है लड़की, जहां दूर-दूर तक नहीं है कुछ भी, हवाई जहाज से लाती है राशन

न्यूयार्क। आजकल हमारी ज़िंदगी इतनी आसान हो गई है कि कुछ भी चाहिए, हम फट से डिलीवरी ऐप्स के ज़रिये मंगा लेते हैं। हमें इसके लिए ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ता है, लेकिन आज भी धरती पर ऐसी जगह है, जहां लोगों को राशन के लिए भी संघर्ष करना होता है। दिलचस्प ये है कि फिर भी यहां पर रहने वाले लोगों को कोई शिकायत नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक लड़की ऐसी जगह पर रहती है, जहां पर दूर-दूर तक न कोई बाज़ार है और न ही कोई खाने-पीने की जगह। ऐसे में यहां रहने वाले लोग राशन लाने के लिए भी एयरक्राफ्ट से जाते हैं और इसे सोच-समझकर खर्च करते हैं। वे बहुत ही सीमित संसाधनों में अपनी लाइफ जीते हैं, लेकिन फिर भी खुश हैं।



### बाज़ार और दुकानें भी नहीं

सेलिना ऑल्सवर्थ नाम की 27 साल की लड़की ऐसी जगह पर रहती है, जहां दूर-दूर तक कुछ भी नहीं है। अपने 25 साल के पति जैरेड रिचर्डसन के साथ सेलिना अमेरिका में अलास्का के पोर्ट ऑल्सवर्थ नाम के गांव में रहती है। ये गांव भी सेलिना के पूर्वजों का है, जो 1940 में यहां आकर बस गए थे। ये जगह इतनी दूर है कि नज़दीकी राशन की दुकान भी 200 मील की दूरी पर है, जहां एयरक्राफ्ट से जाना पड़ता है। सेलिना के पति जैरेड रिचर्डसन पहले मिशिगन में रहते थे। साल 2022 में वो सेलिना के साथ यहीं आकर शिफ्ट हो गए और अब उन्हें यहां की ज़िंदगी की आदत पड़ गई है।

### दो महीने में एक बार राशन की शॉपिंग

यही वजह है कि दो महीने में एक बार जाकर ही राशन खरीदा जा सकता है। इस गांव में फिर भी 180 लोग रहते हैं, जिनके लिए न तो कोई दुकान, रेस्तरां, बार या थियेटर है। सेलिना अपने पति के साथ मिलकर एक गिफ्ट शॉप और फैमिली रिसॉर्ट चलाते हैं। टूरिज़्म के ज़रिये ही उनकी कमाई होती है। इस जगह पर एक छोटा क्लिनिक भी है, ताकि प्रेग्नेंसी और कुछ एमरजेंसी सिचुएशन में लोगों की मदद की जा सकी। दरअसल, सेलिना के पूर्वज यहां रहकर साबित करना चाहते थे कि वे एक ऐसी जगह पर ज़िंदगी जी सकते हैं।

**संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़**
सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जी.ई. रोड रायपुर
दूरभाष : 0771-2262177, 2262177
वेबसाईट :- www.sportsyw.cg.gov.in ईमेल :- dir-sportsyw.cg@gov.in

क्रमांक/स्था./2025-26/115 रायपुर, दिनांक 16/04/2025

**सूचना**

संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, रायपुर के विज्ञापन क्र. स्था. 158/2024-25/2132, रायपुर, दिनांक 14.11.2024 द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर के लिए सहायक ग्रेड 03 के 01 पद, स्टोरकीपर का 01 पद, वार्डन (महिला/पुरूष) 02 पद की भर्ती संविदा के आधार पर किये जाने हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। दिनांक 29.11.2024 तक सहायक ग्रेड 03 के 01 पद के विरूद्ध 618 आवेदन, स्टोरकीपर के 01 पद के विरूद्ध 684 आवेदन एवं वार्डन ( महिला/पुरुष) के 02 पद के विरूद्ध 1082 आवेदनों के अभिलेखो के परीक्षण उपरांत पात्र / अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दिनांक 12.03.2025 सायं 05.30 बजे तक दावा आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया था । निर्धारित तिथि व समय तक सहायक ग्रेड 03 में 03 आवेदन, स्टोरकीपर में 01 आवेदन एवं वार्डन (महिला / पुरूष) हेतु 05 आवेदन सहित कुल 09 दावा आपत्ति आवेदन प्राप्त हुआ है। विभागीय भर्ती परीक्षण समिति द्वारा प्राप्त दावा आपत्ति एवं अन्य सभी आवेदनों का पुन: परीक्षण पश्चात अंतिम पात्र / अपात्र सूची प्रकाशित किया जा रहा है। पात्र अभ्यर्थियों के आवेदनों का भर्ती परीक्षण समिति से जांच कराकर मेरिट सूची तैयार की गई है। संचालनालय खेल एवं कल्याण रायपुर की सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाईट www.sportsyw.cg.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।
(संचालक महोदया द्वारा अनुमोदित)

उप संचालक
खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़, रायपुर
जी. 252600326/1

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त-अम्बिकापुर**

**चतुर्थ निविदा आमंत्रण**
विज्ञापन क्रं: - 129

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त - अम्बिकापुर अंतर्गत परि संभाग कोरिया के जिला - सूरजपुर अंतर्गत विभिन्न उप स्वास्थ्य केन्द्र (ओड़गी, माहोली, राई, रामानुजनगर, अर्जुनपुर सुरता एवं कोट) में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर उन्नयन कार्य हेतु ऑफलाईन निविदा दिनांक 28.04.2025 तक प्रपत्र 'अ' में राशि रू. 28.29 लाख की एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, परियोजना संभाग- कोरिया के मो.नं. 9424209101 पर संपर्क करें।

उपायुक्त
संवाद- 43572

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा, जिला - कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/768/तक.शा./न.पा.प./2025 कटघोरा दिनांक 17.4.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा शासकीय एवं अर्धशासकीय विभागों में व्यवसाय से संबंधित अनुभवी फर्म / संस्था जिन्हें इस प्रकार के अनुभव हो ई-निविदा के माध्यम से फार्म-ए में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा UADD website https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

| S. N. | System Tender No. & Date | Description | Total Estimate Cost Rs. In lacs | Last Date Online Submission |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 167139 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठेका पद्धति (प्लेसमेंट) से कर्मचारी / मजदूर प्रदाय | 123.16 | 09.05.2025 |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में तथा कार्यालयीन समय पर नगर पालिका परिषद कटघोरा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कटघोरा

**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 2635/भण्डार/2025 अम्बिकापुर दिनांक 15-04-2025

**निविदा विज्ञप्ति**

वर्ष 2025 2026 के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा औषधि, सर्जिकल उपकरण, रसायन एवं प्रयोगशाला सामाग्री क्रय हेतु प्रतिष्ठित निर्माताओं एवं उनके अधिकृत विक्रेताओं / सप्लायर से, जिनके पास थोक विक्रेता ड्रग लाईसेंस एवं पेन नम्बर व छत्तीसगढ़ का जीएसटी नम्बर हो, से मोहर बंद निविदा के साथ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र / शर्तें एवं अन्य जानकारी www.surguja.gov.in से अथवा जिला औषधि भण्डार, अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16.05.2025 समय 03 बजे शाम तक होगी। निविदा खोलने की तिथि 16.05.2025 समय 04 बजे शाम।**

**1. निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की तिथि - 17.04.2025 से**
**2. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 16.05.2025 शाम 03 बजे तक**
**3. निविदा खुलने की तिथि—16.05.2025 शाम 04 बजे से**

नोट :- निविदा खोलने कि तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है

मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी
अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)
जी. 252600342/2

**जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति महिला एवं बाल विकास विभाग जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**रूचि की अभिव्यक्ति**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा WP (C) क्रमांक 427 Of 2022 Bachpan Bachao Andolan Vs Union Of india में पारित आदेश दिनांक 09.10.2023 "We the Women in India Vs Uniion Of India & Ors. Write Petition(s) (Civil) No ( s) 1156 / 2021 तथा Write Petition No. 427 of 2022 Bachpan Bachao Andolan Vs Union Of india मे पारित आदेश दिनांक 30.07.2024 के अनुक्रम में लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं नियम 2020 प्रावधानों एवं लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 39 के अधीन सहायक व्यक्तियों के संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाईड लाईन के क्रियान्वयन हेतु जिले में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट किया जाना है। इस हेतु इच्छुक, अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति / संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है ।

**सपोर्ट पर्सन हेतु निर्धारित योग्यताएं निम्नानुसार होगी**

1. व्यक्तिगत आवेदन की स्थिति में आवेदक के पास समाज कार्य (Social work ) या समाजशास्त्र (Sociology) या मनोविज्ञान (Psychology ) या बाल विकास (Child Development) विषय में स्नातकोत्तर या बाल शिक्षा और विकास या संरक्षण के क्षेत्र में न्यूनतम 03 वर्ष के अनुभव के साथ स्नातक डिग्री हो।
2. स्वयंसेवी संस्था द्वारा आवेदन करने की स्थिति में संबंधित संस्था बाल अधिकार या संरक्षण के क्षेत्र में न्यूनतम 03 वर्ष से कार्यरत हो।

जिले में सपोर्ट पर्सन के रूप में इम्पैनल्ड होने के इच्छुक व्यक्तियों / अशासकीय संस्था / संगठन निर्धारित प्रारूप में अपनी रूचि की अभिव्यक्ति को दिनांक 05.05.2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला महासमुन्द (छ. ग.) में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से जमा कर सकते है । रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र प्रारूप, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी पत्राचार का पता एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण विभाग की वेबसाईट https://mahasamund.gov.in तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति
जिला महासमुन्द (छ.ग.)
जी. 252600325/2

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शिकारियों के फंदे...

सफारी क्षेत्र में शिफ्ट किया गया। इस घटना के करीब कुछ दिनों पहले, इसी क्षेत्र के कांदुलनार गांव के रहने वाले सर्वे कुन्ना नामक व्यक्ति की बाघ के हमले में मृत्यु हो गई थी। इस बात ने भी इलाके में दहशत फैला दी थी और वन्यजीवों तथा मानव बस्तियों के बीच संघर्ष की स्थिति को उजागर किया था।

### पीएससी-व्यापम समेत...

अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी।

### प्रदेश के युवाओं...

और फैशन प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखता है। यह छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए फैशन उद्योग के साथ सहयोग करता है।

### हैवी अर्थ मूविंग...

सिस्टम 2.0, ऑनलाइन आवेदन, और त्वरित प्रोसेसिंग जैसी सुविधाओं ने उद्यमियों के लिए छत्तीसगढ़ में कारोबारी माहौल को आसान किया है। नीति के तहत उद्योगों को 30-50 प्रतिशत सब्सिडी, 5 से 12 वर्ष तक की कर छूट और ब्याज अनुदान जैसे आकर्षक प्रावधान किए गए हैं।

### आठ घंटे प्रसव...

पैदा हुआ तो वहीं दूसरी ओर बीती रात पुनः समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण उपचार के अभाव में नवजात की मौत हो गई। इन दो घटनाओं के बाद मृत नवजात के परिजन सदमे में है और अब उन्होंने मामले में जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर मामले को संज्ञान में लेते हुए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सभी को नोटिस जारी कर जांच व कार्रवाई के निर्देश सीएमएचओ को दिए है। बताया जा रहा है उदयपुर विकासखंड के ग्राम मिर्गाडांड निवासी संरक्षित पंडो जनजाति की गर्भवती महिला 26 वर्षीय दुर्गा पति तुलेश्वर गर्भवती थी। यह महिला का चौथा बच्चा था। 16 अप्रैल की दोपहर महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो परिजन ने गांव की मितानिन को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मितानिन मानकुंवर ने महिला की स्थिति को देखते हुए महतारी एम्बुलेन्स 102 को फोन कर मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के लगभग 20 मिनट के बाद एम्बुलेंस घर तक पहुंच गई थी लेकिन इससे पहले ही महिला का सामान्य प्रसव हो गया। प्रसव के बाद मितानिन और परिजन प्रसूता और नवजात को 102 एम्बुलेस से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर पहुंचे जहां नवजात का नाभी नाल काटने के के साथ ही उसका वजन किया गया। बच्चा पूर्ण रूप से स्वास्थ्य था और उसका वजन ढाई किलोग्राम था। कुछ समय तक तो नवजात सामान्य था लेकिन अचानक उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी और उसका शरीर ठंडा पड़ने लगा ऐसे में मितानिन ने मामले की जानकारी ड्यूटी डॉक्टर और नर्स को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने जांच उपरान्त नवजात की स्थिति गंभीर होने की बात कही और बच्चे को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### नर्स के भरोसे...

बरगीडीह में भर्ती कराया गया था। परिजन प्रसूता को लेकर दोपहर 2 बजे अस्पताल पहुंचे थे लेकिन अस्पताल में सिर्फ एक नर्स के अलावा कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। बड़ी बात यह है कि अस्पताल में तीन चिकित्सक और चार नर्स की ड्यूटी लगी हुई है। परिजन का आरोप है कि जब नर्स ने ड्यूटी डॉक्टर को फोन कर प्रसव केस की जानकारी दी तो उसने अस्पताल आने से मना कर दिया और प्रसव कराने का जिम्मा नर्स को दे दिया।

### बीएमओ का वीडियो...

वे बीएमओ अपनी मर्जी से नहीं बने है और ना ही उन्हें मेडिकल लाइन से कोई मतलब है। अब इस वीडियो के वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली ही सवालों के घेरे में आ गई है।

### धनखड़ बोले...

मिसाइल बन गया है। दरअसल, अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए।

### छत्तीसगढ़ -ओडिशा के...

के लिए एक पारस्परिक समझौता पूर्व में किया गया है। अब छत्तीसगढ़ सरकार और ओडिशा सरकार को अनेक आवेदन नए मार्ग खोलने के लिए मिले हैं। इस मामले को लेकर अब छत्तीसगढ़ सरकार के परिवहन विभाग ने एक सूचना जारी कर इससे प्रभावित होने वालों से 30 दिनों के अंदर दावा आपत्ति मंगाई है और संशोधन का प्रारूप जारी किया है।

### बस संचालकों में...

विभाग सिर्फ उड़ीसा वालों का सपोर्ट करता है, छत्तीसगढ़ राज्य की ना पहले गाड़ियां चलने दी है ना अभी चलने दे रहा है। अपने कोटे के परमिट तो ले ही लेते हैं छत्तीसगढ़ के कोटे के परमिट भी उड़ीसा वाले ले लेते हैं और यहां के परिवहन विभाग अधिकारी उनको दे भी देते हैं।

### सरकार ने पानी, बिजली,...

रहा है कि पिछले 10 सालों में 16 परिवार पहाड़ी से नीचे उतरकर बस गए, लेकिन अब भी ज्यादातर पहाड़ी के ऊपर बसे हुए है, जहां कोई भी सुविधाएं नहीं है। रमन सरकार ने बनाई थी योजना 10-12 वर्ष पूर्व रमन सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण योजना बनाकर पहाड़ी के ऊपर बसे कमार जनजाति परिवारों को पहाड़ी के नीचे नया गांव ताराझर बनाकर बसाने की योजना बनाई गई। 2014-15 में भाजपा सरकार के दौरान तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 07 किलोमीटर दूर धारपानी और नेशनल हाईवे के किनारे बकायदा नया ताराझर गांव बसाया गया। इस गांव में 32 पक्का मकान इंदिरा आवास का निर्माण किया गया, तीन प्रधानमंत्री आवास का निर्माण बाद में किया गया। नए बसाए गए गांव में बकायदा बिजली लगाई, दो तालाब का निर्माण किया गया, पानी की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सौर सुजला योजना के तहत 24 घंटे पानी उपलब्ध कराई गई। ग्रामीणों के लिए राशन कार्ड बनाया गया। बच्चों के पढ़ने के लिए स्कूल की सुविधा और गांव के भीतर पक्की सीसी सड़क का निर्माण किया गया तथा पहाड़ी के ऊपर निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के 32 परिवारों को बकायदा नया ताराझर में लाकर बसाया गया। उस दौरान सरकार द्वारा बकायदा इन परिवारों को मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराते हुए उनके पुस्तैनी व्यवसाय बांस बर्तन बनाने के लिए बांस की जंगल भी उपलब्ध कराया गया। यहां निवास करने वाले ग्रामीणों को खेती किसानी के लिए जमीन उपलब्ध कराने का वायदा भी किया गया था।

### जन-मन योजना...

फिर उम्मीद जगी है कि कमार जनजाति के लोगों को जीविका के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराया जाए तो पहाड़ी के नीचे नया ताराझर गांव में बसाया जा सकता है।

### सरकार बदलते ही...

पहाड़ी के ऊपर से उतरकर निवास कर रहे 32 परिवार बकायदा 06-07 वर्षों तक इस नया ताराझर में निवास भी किए और उन्हे खेती किसानी व जीविकोपार्जन में दिक्कत होने के कारण यहां के ग्रामीण वापस अपने गांव पहाड़ी के ऊपर फिर चले गए।

### पहाड़ी से लौटे...

ग्रामीणों ने कहां भले पहाड़ी में कोई सुविधा न मिले , लेकिन जीवन जीने के लिए पर्याप्त बांस बर्तन बनाने के लिए साधन है।

### विधायक निधि से...

मुहर लगी है। करीब माहभर पहले हरिभूमि ने इस संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी और बताया था कि राज्य में एमएलए लैड्स पोर्टल तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही प्रोजेक्ट पायलेट के रूप में लांच किया जाएगा। इस पोर्टल को सबसे पहले रायपुर जिले में लागू किया गया है। इस पोर्टल के लांच होने के बाद शासन द्वारा विधायकों को विधायक निधि के तहत जारी की जाने वाली राशि के एक-एक पाई का हिसाब पोर्टल में दर्ज होगा। **पोर्टल से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण-** ऑनलाइन एमएलए लैड्स पोर्टल की प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए गुरुवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सातों विधायकों के निज सहायक, प्रभारी मंत्री के निज सहायक, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं तकनीकी स्टॉफ भी उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने डेमो के माध्यम से सभी को ऑनलाइन पोर्टल की कार्य प्रणाली, आवेदन प्रक्रिया, स्वीकृति एवं निगरानी तंत्र की जानकारी दी।

### एमपीलैड्स की तर्ज...

एमपीलैड्स की तरह ही विधायकों के लिए एमएलए लैड्स ऑनलाईन पोर्टल बना है। इस पोर्टल में भी विधायक निधी की गाइड लाइन, विधायक निधी, व्यय का ब्योरा, स्वीकृत व पूरे हुए कार्यों का ब्योरा सहित अन्य तमाम जानकारी उपलब्ध रहेगी। यह पोर्टल पब्लिक डोमेने में है, जिससे प्रदेश के आम लोग भी पोर्टल के माध्यम से जानकारी ले सकेंगे कि उनके राज्य एवं विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधी से कौन-कौन से कार्यों के लिए अनुशंसा किए जाने का प्रावधान के साथ स्वीकृति दी गई है। पोर्टल में विधायकों को कब और कितना फंड जारी हुआ तथा फंड से कौन-कौन से विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है तथा कितने पूर्ण और अपूर्ण हैं, इसकी भी जानकारी रहेगी।

### खर्च का दिया...

प्रतिशत कार्य पूर्ण, तीसरी किस्त 75 प्रतिशत और अंतिम किस्त की राशि कार्य पूर्ण होने के बाद जारी की जाएगी। इससे निर्माण एजेंसी पर भी समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। कार्य की प्रगति की रिपोर्ट भी पोर्टल में अपलोड होगी। इस तरह पोर्टल के माध्यम से विधायक निधि की राशि की पाई-पाई का हिसाब भी रखा जाएगा।

### किसी के गले...

है और पाकिस्तान का इससे संबंध केवल अपना अवैध कब्जा खाली करने तक का ही है। यहां ये भी स्पष्ट है कि किसी बाहरी ताकत का भारत के आंतरिक मामलों में कोई दखल नहीं है। रणधीर ने पाकिस्तान के 26/11 मुंबई आतंकी हमले से जुड़े आतंकवादी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के दौरान उससे पल्ला झाड़ने से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान ने भरसक कोशिश की है। लेकिन वैश्विक आतंकवाद के केंद्र वाले देश के रूप में उसकी छवि में कोई बदलाव नहीं आया है। वह जस की तस बनी हुई है। राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान के लिए एक चेतावनी है कि उसे मुंबई आतंकी हमले के बाकी दोषी आतंकियों को भी न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता है, जिन्हें वह लगातार शरण के साथ संरक्षण दिए हुए है। मालूम हो कि 64 वर्षीय आतंकी तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का एक कनाडाई नागरिक है। जिसे बीते 10 अप्रैल को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है।

### पाकिस्तानी जनरल का...

बल्कि रीति-रिवाजों, संस्कृति, सोच और महत्वाकांक्षाओं में भी प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा, कश्मीर इस्लामाबाद के गले की नस था और रहेगा। हम इस मुद्दे को हमेशा याद रखेंगे और कश्मीर के लोगों को समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने वर्ष 1947 में बंटवारे से जुड़े पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा दिए गए द्वि-राष्ट्र के सिद्धांत (टू नेशन थ्योरी) का समर्थन किया व कहा कि पाकिस्तान का निर्माण इसी के तहत हुआ था और यही विचार आगे भी कायम रहेगा। हम एक राष्ट्र हैं और हमारे पूर्वजों ने इसे बनाने के लिए बहुत त्याग और संघर्ष किया है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिटी खुजली में केवल तीन दिनो में असर देखे
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेंट में तन्दूर ब्वॉय, वेटर लड़की, लड़का, किचन हेल्पर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार, खाना रहना फ्री फ्रेशर लड़के लड़कियां भी सम्पर्क करें- रेस्टोरेंट मुर्ग मसल्लम मंदिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 7879121999 (37467)

**आवश्यकता है-** एक अनुभवी कार चालक की आवश्यकता है पता बसंत विहार गेट के पास सीपत रोड बिलासपुर सम्पर्क करें- 98271 99008, 9827180096 (37456)

**आवश्यकता है-** एक अनुभवी हार्डवेयर इंजीनियर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- एपेक्स सिस्टम, मगरमारा रोड बिलासपुर 9826117961 (37465)

**आवश्यकता है-** होटल नटराज बिलासपुर में झाड़ू पोछा, कमरे की सफाई, बाथरूम की सफाई कार्य हेतु हाऊस कीपिंग स्टाफ की आवश्यकता है वेतन 7000 से 10000 तक सम्पर्क करें- 8889720720, 99778 61508 (37466)

**आवश्यकता है-** फर्निशिंग दुकान में काम करने हेतु 10 लड़के, 10 लड़कियां चाहिए पता- वीआर फर्निशिंग विशाल मेगा मार्ट केएफसी के बाजू में अशोक नगर चौक के पास, सीपत रोड बिलासपुर 98931 27584 (37458)

**आवश्यकता है-** केयर टेकर (देख रेख करने वाली) बच्चों एवं घर के काम हेतु आवश्यकता है रहना खाना फ्री एवं आकर्षक वेतन, सम्पर्क करें- केरा रोड, जांजगीर 8604370647 (37470)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में निम्न पदों के लिए लड़कियों और महिलाओं की आवश्यकता है फील्ड वर्क- 4, कुक- 4, कामवाली बाई- 5 ईमानदार, जिम्मेदार और मेहनती महिलाएं तुरंत सम्पर्क करें- 9244664654, 07752 446646 (37459)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर की Pvt. Ltd. कंपनी को Manager, Sales Manager, Counselor, Tele Caller, Receptionist, Field Officer, Development Officer, Computer Operator, Accountant की आवश्यकता है वेतन 10000- 25000 सम्पर्क करें- A/216, Narayan Plaza, Bilaspur 9755990933, 8085045559 (37432)

**आवश्यकता है-** फुटवियर शॉप में काम करने हेतु अनुभवी मैनेजर, सेल्समैन सेल्सगर्ल की सेल्समैन शिप, एकाउंट हेतु चाहिए बॉयोडाटा सहित सम्पर्क- चरण स्पर्श शू मॉल रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 9300300333 (37463)

**आवश्यकता है-** टीवीएस मोटर कम्पनी के डीलर को सेल्स, सर्विस, कम्प्यूटर ऑपरेटर (बिलिंग) टेली कॉलिंग आदि पदों पर योग्य अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- चन्द्र टीवीएस महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 90391 67202 (37464)

**आवश्यकता है-** लेथ आपरेटर, शेपर आपरेटर वैल्डर, हैल्पर एवं चौकीदार की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग सेक्टर- ए, जेसीबी के पीछे इंडस्ट्रीयल एरिया सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (37468)

**आवश्यकता है-** कूलिंग साल्यूशन मगरपारा रोड बिलासपुर में एसी रियेयर मिस्त्री, हेल्पर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार काम सीखने वाले लड़के ही संपर्क करें 8817881609, 07752 450511 (37455)

**आवश्यकता है-** यश सुपर बाजार में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- (1) रिंग रोड नं-2, महाराणा प्रताप चौक (2) भारतीय नगर चौक बिलासपुर 93299 41444 (37469)

**आवश्यकता है-** थोक कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़कों व लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीसाईं टैक्स, भाजपा कार्यालय के पास, करबला रोड, बिलासपुर 7415105000 (37462)

**आवश्यकता है-** एक तंदूरी व एक तवा रोटी मिस्त्री, एक आलराउडर मिस्त्री, दो सप्लायर एक हेल्पर तथा दो लेडिस वेटर चाहिए (ढ़ाबा में काम कर चुके ही संपर्क करें) पंजाबी भोजनालय फैमली ढ़ाबा श्री गुरूनानक चौक तोरवा बिलासपुर (छ.ग.) मो. 88188 00022, 9827978905 (37447)

**आवश्यकता है-** (1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य हेतु साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर (2) रियल एस्टेट टेलीकालिंग, सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (37450)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में मकानों के निर्माण हेतु आवश्यकता है सिविल कॉन्ट्रेक्टर- 30, टाईल्स-15, प्लंबिंग- 10, इलेक्ट्रीशियन- 10, पेंटर- 15, एल्युमिनियम सेक्शन- 10, वुडनडोर- 10, पीवीसी डोर- 10, एसएस रेलिंग- 5, शटरिंग- 10, स्टील फिटर- 5 (कोटेशन सहित मिलें) अकाउंटेंट- 1, ड्राइवर- 2 पता- अनुमेष कंस्ट्रक्शन मनोहर टाकीज परिसर जूनाबिलासपुर 9229210939 (37451)

**आवश्यकता है-** झाड़-पोंछा, धूल सफाई, कपड़ों की इस्त्री, अलमारी व्यवस्थित करना, पौधों को पानी देना और अन्य छोटे-मोटे कामों के लिए 18-24 वर्ष की भरोसेमंद लड़की की आवश्यकता है। लड़की को अमेरि, मंगला चौक, कुदुदंड या 27 खोली के आसपास की रहने वाली होना चाहिए। समयः सुबहः 8:00 बजे से 12:00 बजे तक शामः 5:00 बजे से 7:00 बजे तक स्थानः मंगला, बिलासपुर संपर्क करें: 97522-66239 (37437)

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री में रहकर स्टॉक मेंटेनेंस कार्य करने हेतु युवक एवं ऑफिस कार्य हेतु युवती चाहिए (एकाउंटिंग साफ्टवेयर बीजी, MS Excel अनुभवी) सैलरी 10000 से 15000 अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क 79995 30880 (37452)

**आवश्यकता है-** बिलिंग विभाग- 1 पुरुष, डिस्पैच विभाग- 2, सेल्स एसोसिएट- 3, पेन्ट्री विभाग- 1, ड्राइवर-क्ष1 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शैल वस्त्रालय, मसानगंज रोड, बिलासपुर 92381 07105, 9238107108 (37453)

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु सिविल इंजिनियर, सिविल सुपरवाइजर, अकाउंटेंट और कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क 6264315731 (37448)

**आवश्यकता है-** पुस्तक प्रकाशन फर्म में पुस्तक कवर, विडियो डिजाइनिंग के लिये ग्राफिक डिजाईजर चाहिए। प्रीमियर प्रो. आफ्टर इफेक्ट, फोटोशॉप की जानकारी वाले ही संपर्क करें वेतन योग्यतानुसार। कोनी बिलासपुर मो. 9171810321, 62607 11728 (37435)

**आवश्यकता है-** (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें 9329233000 (37429)

**आवश्यकता है-** Farmers Pride Organic Stores / Cafe में आवश्यकता हैं ( M/F) CEO, मार्केटिंग मेनेजर, सेल्स मेन, अकाउंटेंट , पैकिंग हेल्पर,ऑफिस बॉय,रसोइया (समय 9.30 से 7.30) सैलरीः 9000 /- से 35000/-मेन रोड नेचर सिटी गेट, उसलापुर 7225849081, 7987551332 (37436)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य के लिए पढ़ी लिखी महिला की आवश्यकता है उम्र 40 से ऊपर बायोडाटा के साथ मिले दोपहर 12 से 2 बजे तक पता- विजय फर्नीचर, फर्नीचर लाईन शनिचरी मार्केट बिलासपुर (37439)

**आवश्यकता है-** टूव्हीलर स्पेयर पार्ट्स दुकान में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हीरा ऑटो मोबाइल्स, मगरपारा चौक, बिलासपुर 6260753331, 9827497709 (37446)

**आवश्यकता है-** कपड़े की दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी हेल्पर व सेल्समेन लड़के की आवश्यकता है। पता - नेमा कंपनी सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर संपर्क - 7898958865 (37428)

**आवश्यकता है-** टाटा 14 चक्का (डालाबॉडी) ट्रक डेली रायपुर बिलासपुर रायपुर चलाने ड्राइवर चाहिए जिसके पास हैवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस हो, वेतन योग्यतानुसार संपर्क करे- जय मातादी ट्रांसपोर्ट, व्यापर विहार , बिलासपुर 7024114747 (37426)

**आवश्यकता है-** हॉस्टल साफ सफाई सुबह 9 से शाम 5 तक, काम करने हेतू कर्मचारी चाहिए। संपर्क- मित्र विहार कालोनी, स्काई जिम के बगल वाली गली में, लिंक रोड बिलासपुर 9340969592, 7828803577 (37421)

**आवश्यकता है-** फील्ड ऑफिसर, काउंसलर, टेलीकॉलर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 8000 से 20000 सम्पर्क करें- शीला शिखर कॉम्प्लेक्स, अशोक नगर चौक के पास, सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर 9244110169, 6267598299 (37431)

**आवश्यकता है-** गार्ड गनमैन,सफाई कर्मचारी (महिला), काउंसलर, अकाउंटेंट (tally/ excel, billing experience), ड्राइवर इत्यादि की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें श्री गायत्री गर्ल्स हॉस्टल पुराना बस स्टैंड बिलासपुर मो 9302312528, 9302312463 ,8817485860 (37444)

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर हार्डवेयर शॉप में जो कंप्यूटर हार्डवेयर free में सीखना चाहते है टोटल प्रेक्टिकल और सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले लड़कों की आवश्यकता है। सोना कंप्यूटर जैन प्लाजा Cmd चौक बिलासपुर- 9827159612 (37445)

**आवश्यकता है-** JSW KSK महानदी पॉवर प्लांट से फ्लाई ऐश परिवहन संबधित कार्य की देखरेख के लिए 2 प्रबंधक एवं 4 सुपरवाइजर की आवश्यकता है । सम्पर्क करे- 91795-59717 (37442)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य के लिए युवक/ युवती की आवश्यकता है, समय सुबह 10 से 5.30 तक, वेतन 6000/- संपर्क करें:- कुदुदंड अरुण आइसक्रीम के पास बिलासपुर 9303002278 (039)

**आवश्यकता है-** आई क्लिनिक में कार्य करने हेतु स्टाफ (लड़कियों) की आवश्यकता है। समय सुबह 10 से शाम 06 बजे सेवा नेत्रालय,गुरुद्वारा के सामने, दयालबंद, बिलासपुर मोः 9752339351 (37419)

**आवश्यकता है-** मूर्ति दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जयपुर मूर्ति भंडार संजोग वाटिका के पास अशोक नगर सरकण्डा बिलासपुर (37427)

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490 (3450)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियो एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 30 साल तक संपर्क करेः- ऑफिस टाइम 10 से 5:30 नूतन चौक अथर्व हॉस्पिटल के पास 92015 08721 (3448)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में टैली कॉलिंग कार्य हेतु लड़कियों व महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन उम्र 18 से 28 वर्ष तक सम्पर्क करें:- मंगला चौक बिलासपुर 8085106943 (3449)

**आवश्यकता है-** चपोरा रतनपुर स्थिति इंग्लिश मीडियम स्कूल हेतु, वाइस प्रिंसिपल एवं गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषयों के शिक्षक/ शिक्षिका की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9131476929 ,9425227185 (37430)

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य करने एवं बच्चा संभालने के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमेरी विशाल नगर कालोनी, बिलासपुर मो. 9131820581, 7000016930, 73544 50991 (37390)

**आवश्यकता है-**छड़, सीमेंट दुकान कार्य करने के लिए मेहनती लड़कों वेतन 12000 एवं ट्रैक्टर चलाने हेतु ड्राइवर वेतन 10000 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 93003 07926, 9993443207 (37256)

**आवश्यकता है-** कृष्णा सेल्स कार शोरूम में कार्य करने हेतु कार ड्रायवर- 2-पद, कार सफाई 2-पद, कार सेल्स हेतु 2-पद की आवश्यकता है पता भाटिया फ्यूल्स, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर मो. 93006 74767 (37392)

